थाना कोतवाली भिनगा पुलिस द्वारा मारपीट एवं जानलेवा हमले के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

रोहित संवाद न्यूज



श्रावस्ती । पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती श्री 'राहुल भाटी' द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिए गए निर्देशों के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक श्री 'चन्द्रकेश सिंह' एवं क्षेत्राधिकारी नगर भिनगा श्री 'आलोक कुमार सिंह' के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भिनगा श्री 'राज प्रकाश सिंह' के नेतृत्व में थाना कोतवाली भिनगा पुलिस टीम द्वारा मुकदमे में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। घटना एवं गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण–दिनांक 06.11.2026 को वादी श्री संजय पाण्डेय पुत्र गिरधारी लाल पाण्डेय निवासी भंगहा बाजार, थाना कोतवाली भिनगा, जनपद श्रावस्ती द्वारा थाना कोतवाली भिनगा पर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया कि विपक्षीगण द्वारा एकराय होकर लाठी–डंडे, लोहे की रॉड एवं बेसबॉल स्टिक जैसे हथियारों से लैस होकर गैरकानूनी मजमा बनाते हुए उनके घर में जबरन घुसकर वादी एवं उनके परिवार के सदस्यों पर जानलेवा हमला किया गया। बीच–बचाव करने आए पड़ोसी के साथ भी मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त घटना से मोहल्ले एवं बाजार में भय एवं दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना कोतवाली भिनगा पर 'मु0अ0सं0–532/2026, धारा 109(1), 191(2), 191(3), 333, 115(2), 352, 351(3) बीएनएस एवं 7 CLA ACT' के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में दिनांक '17.11.2026' को उ0नि0 प्रेमानन्द मय पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त 'संतोष कुमार पटवा पुत्र केवलराम निवासी भंगहा बाजार, थाना कोतवाली भिनगा, जनपद श्रावस्ती' को खैरी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। 'गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–'1.संतोष कुमार पटवा पुत्र केवलराम', निवासी भंगहा बाजार, थाना कोतवाली भिनगा, जनपद श्रावस्ती। गिरफ्तारी का स्थान–खैरी मोड़ के पास, थाना कोतवाली भिनगा, जनपद श्रावस्ती। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम–1. प्रभारी निरीक्षक श्री 'राज प्रकाश सिंह', थाना कोतवाली भिनगा, जनपद श्रावस्ती। 2. उ0नि0 प्रेमानन्द, थाना कोतवाली भिनगा, जनपद श्रावस्ती। 3. हे0का0 गयासुद्दीन, थाना कोतवाली भिनगा, जनपद श्रावस्ती।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेले के दृष्टिगत सीताद्वार मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का लिया गया जायजा

रोहित संवाद न्यूज



श्रावस्ती । थाना इकौना क्षेत्रान्तर्गत सीताद्वार मंदिर में आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेले के दृष्टिगत जिलाधिकारी 'श्री मनोज कुमार राय' एवं पुलिस अधीक्षक 'श्री राहुल भाटी' द्वारा भ्रमण कर कानून–व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा मेला क्षेत्र, प्रमुख मार्गों, घाटों, पार्किंग स्थलों एवं भीड़ नियंत्रण व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने तथा सतर्कता एवं मुस्तैदी बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। साथ ही भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि मेले के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेले को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पुलिस एवं प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक 'श्री चंद्रकेश सिंह', क्षेत्राधिकारी इकौना 'श्री भरत पासवान' सहित प्रभारी निरीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।